प्रेस विज्ञप्ति

## नैतिक मूल्यों में गिरावट से आतंकवाद और भ्रष्टाचार बढ़ रहा है ... ईश्वर दास रोहाणी

रायपुर, 6 मार्च: **मध्यप्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष ईश्वर दास रोहाणी** ने कहा कि नैतिकता की कमी होने से ही आतंकवाद और भ्रष्टाचार जैसी अनेकानेक समस्याएं पैदा हो रही हैं। इस देश में 18 से 35 वर्ष के युवाओं की संख्या 70 करोड़ है। यदि इन युवाओं को नैतिक और चारित्रिक मूल्यों की शिक्षा दी जाए तो यह देश फिर से विश्व का गुरू बन सकता है।

श्री रोहाणी आज प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के युवा प्रभाग द्वारा शान्ति सरोवर में आयोजित ट्रेन द ट्रेनर (Train the Trainers) कार्यक्रम का उद्घाटन करने के उपरान्त अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस समय देश की प्रमुख समस्या है- नैतिक मूल्यों में गिरावट। उन्होंने ब्रह्माकुमारी संस्थान की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्थान ने समाज की मूल समस्या को पकड़ा है। यदि युवक नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से परिपूर्ण होंगे तो इससे समृद्ध और स्वाभिमानी राष्ट्र का निर्माण होगा।

श्री रोहाणी ने आगे कहा कि आज विश्व में भौतिकता का बोलबाला है। साथ ही दूसरों की प्रगति से ईर्ष्या भी एक प्रमुख समस्या है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरान्त यह सभी युवक नई उमंग और उर्जा के साथ जाकर स्कूलों में कक्षा 7 वीं और 8 वीं के बच्चों को नैतिक शिक्षा देंगे जिससे युवाओं में अनुशासन और नैतिक मूल्यों के प्रति रूझान बढ़ेगा।

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के क्षेत्रीय निदेशक **ब्रह्माकुमार ओमप्रकाश** ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उड़ीसा, राजस्थान, मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के 125 युवक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। यह सभी लोग पिछले पांच वर्ष से अधिक समय से ब्रह्माकुमारी संस्थान से जुड़े हुए हैं। इस कार्यक्रम द्वारा बच्चों में मूल्यों की स्थापना कर उन्हें सुसंस्कारित बनाना यही लक्ष्य रखा गया है।

माउण्ट आबू से पधारे युवा प्रभाग के मुख्य प्रशिक्षक ब्रह्माकुमार ललित ने कहा कि भारत युवाओं का देश है। यहाँ की 54 प्रतिशत आबादी युवाओं की है। उन्होंने बतलाया कि भारत शासन के मानव संसाधन विकास मंत्रालय के आदेशानुसार देश के समस्त केन्द्रीय विद्यालयों में कक्षा 7 वीं और 8 वी के बच्चों को ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा प्रत्येक सप्ताह नैतिक और आध्यात्मिक मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी। इसके लिए युवा प्रभाग द्वारा अलग से पाठ्यक्रम भी तैयार किया गया है। समारोह को छत्तीसगढ़ प्रभारी ब्रह्माकुमारी कमला एवं दिल्ली की ब्रह्माकुमारी अनुसूइया ने भी सम्बोधित किया।

प्रेषक: मीडिया प्रभाग

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, फोन: 2282526